Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 01 जून 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 243

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पन्ना बाघ अभयारण्य में दो बाघ शावकों का जन्म

**पन्ना (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के पन्ना बाघ अभयारण्य में एक बाघिन ने दो शावकों को जन्म दिया है. यह जानकारी एक अधिकारी ने बुधवार को दी. पन्ना बाघ अभयारण्य के क्षेत्र संचालक बृजेंद्र झा ने बताया कि बाघिन पी-234 को हाल ही में अभयारण्य के अकोला बफर क्षेत्र में दो बाघ शावकों के साथ देखा गया है. उन्होंने कहा कि शावक करीब चार महीने के हैं और स्वस्थ हैं. झा ने बताया कि मई के पहले सप्ताह में एक अन्य बाघिन पी-234 (23) को भी अपने दो शावकों के साथ देखा गया था. उन्होंने कहा, ''इस प्रकार इस महीने पन्ना बाघ अभयारण्य में चार शावकों के जन्म की सूचना है.'' उन्होंने बताया कि पिछली गणना के अनुसार, पन्ना बाघ अभयारण्य में बाघों की संख्या 78 थी. मध्य प्रदेश में छह बाघ अभयारण्य हैं, जिनमें कान्हा, बांधवगढ़, सतपुड़ा, पेंच, पन्ना और संजय-दुबरी शामिल हैं.

### पश्चिम बंगाल में एक कारखाने में पिघला हुआ लोहा गिरने से 2 लोगों की मौत

**दुर्गापुर/बांकुड़ा (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले में एक कारखाने में पिघला हुआ लोहा गिरने से बुधवार को दो मजदूरों की मौत हो गयी जबकि छह अन्य गंभीर रूप से झुलस गये. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा मंगलवार की सुबह लगभग नौ बजे बडज़ोरा के घुटगरिया में स्थित एक कारखाने में हुआ जिसमें 17 लोग झुलस गए. उन्होंने बताया कि आठ लोगों को दुर्गापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान बुधवार तडक़े दो लोगों की मौत हो गई. चिकित्सकों ने बताया कि अन्य छह लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है. उन्होंने बताया कि पिघला हुआ लोहा गिरने के कारण वे 80 प्रतिशत से ज्यादा झुलस गए हैं. अधिकारियों ने बताया कि अन्य नौ घायलों को बरजोरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है. उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान रमेश कुमार और मोहम्मद अजीम के रूप में हुई है.

### गुजरात के दाहोद में तेंदुए के हमले में वृद्ध महिला की मौत

**दाहोद (आरएनएस)।** गुजरात के दाहोद जिले में एक तेंदुए ने 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला को मार डाला. वन अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. वन विभाग ने एक बयान में कहा कि मंगलवार रात करीब 11 बजे गरबाड़ा वन परिक्षेत्र में महिला छरछोड़ा गांव में अपने घर से एक दुकान की ओर जा रही थी तभी तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया. अधिकारियों ने बताया कि तेंदुए के हमले से महिला के बाएं हाथ और गर्दन पर गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उसकी मौत हो गई. महिला की पहचान राजलीबेन डामोर के रूप में हुई है. उन्होंने बताया कि तेंदुए को पकडऩे की कोशिश की जा रही है और महत्वपूर्ण स्थानों पर पिंजरे लगाए गए हैं. राज्य में हाल के दिनों में, विशेष रूप से सौराष्ट्र क्षेत्र के अमरेली जिले में तेंदुए के हमलों में कई लोगों की मौत हुई है. पिछले सप्ताह, जिले के सरोवदा गांव में तेंदुए ने घर में सो रही एक बुजुर्ग महिला को मार डाला था. वहीं, इस महीने की शुरुआत में इसी जिले के कटार गांव में तेंदुए ने दो साल के एक बच्चे को मार डाला था.

### आंध्र प्रदेश के चिड़ियाघर में बाघ के एक मादा शावक की मौत, नेफ्रैटिस नामक बीमारी से थी पीड़ित

**तिरुपति (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले से तीन महीने पहले बचाए गए बाघ के चार मादा शावकों में से एक की बीमार होने के बाद यहां के एक चिड़ियाघर में मौत हो गई. एक वन अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी. चिड़ियाघर में तीन अन्य मादा शावकों के साथ दो महीने से अधिक समय बिताने वाली पांच महीने की शावक पल्मोनरी एडिमा और नेफ्रैटिस नामक बीमारी से पीड़ित थी. तिरुपति चिड़ियाघर के संरक्षक सेल्वम ने बताया, शावक की सोमवार को सुबह मौत हो गई. प्रारंभिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चलता है कि उसकी मौत पल्मोनरी एडिमा और नेफ्रैटिस नामक बीमारी की वजह से हुई. नेफ्रैटिस में गुर्दों में सूजन आ जाती है वहीं पल्मोनरी एडिमा में फेफड़ों में अधिक मात्रा में पानी एकत्र हो जाता है. पोस्टमार्टम के बाद वन विभाग ने उसके अंदरूनी अंगों को विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला में भेज दिया है.

# पीएफआई-फुलवारी शरीफ केस में बड़ी कार्यवाई, देशभर में 25 जगह पर एनआईए की रेड

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आज तडक़े प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के लोगों पर बड़े पैमाने की छापेमारी शुरू की है। सूत्रों के मुताबिक कर्नाटक, केरल और बिहार में 25 जगह एनआईए ने छापे मारे हैं। ये छापे बिहार के फुलवारी शरीफ केस के सिलसिले में एनआईए ने मारे हैं।

पीएफआई से जुड़े केस में एनआईए की कर्नाटक में 16 जगहों पर छापेमारी जारी है, जिसमें दक्षिण कन्नड़ के कुछ जिले शामिल हैं। वहीं, बिहार के कटिहार में हसनगंज थाना क्षेत्र के युसूफ टोला में पीएफआई नेता मोहम्मद नदवी के रिश्तेदार के यहां एनआईए की टीम पहुंची है। इससे पहले भी हाल के दिनों में एनआईए टीम छापेमारी कर चुकी हैं।

हाल ही में, इस केस को लेकर छह लोगों को गिरफ्तार किया गया था और तलाशी के दौरान इनके पास पीएफआई से संबंधित कई आपत्तिजनक लेख और दस्तावेज जब्त किए गए थे। यहं मामला पिछले साल 12 जुलाई को बिहार में पटना जिले के फुलवारीशरीफ पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था और पिछले साल 22 जुलाई को एनआईए द्वारा फिर से इस केस पंजीकृत किया गया था।



अभी तक की एनआईए तफ्तीश के मुताबिक फुलवारी शरीफ मामला पीएफआई से जुड़े आरोपियों, संदिग्ध व्यक्तियों की गैरकानूनी व देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता से जुड़ा है, जो पटना के फुलवारीशरीफ इलाके में इक_ा हुए थे।

इस साल 4-5 फरवरी को, एनआईए ने बिहार के मोतिहारी में आठ स्थानों पर भी तलाशी ली थी और दो लोगों को गिरफ्तार किया था, जिन्होंने हत्या को अंजाम देने के लिए हथियार और गोला-बारूद की व्यवस्था की थी। गिरफ्तार लोगों की पहचान तनवीर रजा उर्फ बरकती और मोहम्मद आबिद उर्फ आर्यन के रूप में हुई। एनआईए ने तब कहा था कि एक लक्ष्य को अंजाम देने के लिए पहले ही रेकी की जा चुकी थी और हथियार एवं गोला-बारूद पीएफआई ट्रेनर याकूब को सौंप दिए गए थे, जो पीएफआई कैडरों के लिए ट्रेनिंग सेशन चला रहे थे।

### पुंछ में एलओसी पर घुसपैठ की बड़ी कोशिश नाकाम, तीन आतंकी पकड़ाए

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बुधवार को सतर्क सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। साथ ही सुरक्षा बलों ने तीन आतंकवादियों को पकड़ा है। लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद ने एक बयान में कहा, जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ भारतीय सेना के एक संयुक्त अभियान में, संभावित रूप से 3-4 आतंकवादियों को 30/31 मई 2023 की रात को सीमा पार करने का प्रयास करते हुए पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर रोक दिया गया। वे सभी खराब मौसम और भारी बारिश का फायदा उठा कर भारतीय सीमा में प्रवेश करने वाले थे। आज लगभग 1.30 बजे भारतीय सेना पर गोलीबारी की गई और जवाबी कार्रवाई में कुछ आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा, इलाके की घेराबंदी कर ली गई है और तलाशी अभियान जारी है। खून के निशान मिले हैं। एक आईईडी और नार्को सहित कुछ हथियारों के साथ तीन आतंकवादियों को पकड़ा गया है।

## पीएम मोदी ने पुष्कर के ब्रह्मा मंदिर में की पूजा अर्चना

**अजमेर (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को अजमेर जिले के पुष्कर पहुंचे और ब्रह्मा मंदिर में पूजा अर्चना की. पीएम का तमिनाडू से मंगवाई गई इलायची की विशेष माला से स्वागत किया गया. इसके साथ ही पीएम मोदी को ब्रह्माजी की तस्वीर भेंट की गई. राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हेलीकॉप्टर से तीर्थ नगरी पुष्कर पहुंचे.



इससे पहले मोदी नई दिल्ली से विशेष विमान से किशनगढ़ हवाई अड्डे पर उतरे और वहां से वह हेलीकॉप्टर के जरिये तीर्थ नगरी पुष्कर पहुंचे. प्रधानमंत्री मोदी ने पुष्कर में ब्रह्मा मंदिर में पूजा अर्चना की और उसके बाद वह हेलीकॉप्टर से जयपुर-अजमेर राजमार्ग पर स्थित कायड़ विश्राम स्थली के लिए रवाना हुए जहां वह जनसभा को संबोधित करेंगे.

प्रधानमंत्री की विशाल रैली के लिए अजमेर, नागौर, टोंक, भीलवाड़ा, राजसमंद, जयपुर और पाली के सात जिलों की 45 विधानसभा क्षेत्रों और आठ लोकसभा क्षेत्रों से पार्टी कार्यकर्ता जुटें हैं. इन 45 विधानसभा सीटों में से 21 पर कांग्रेस, 19 पर भाजपा, तीन पर निर्दलीय और दो पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का कब्जा है. प्रधानमंत्री की अजमेर यात्रा इस महीने की शुरुआत में उनके राजसमंद और सिरोही दौरे के तुरंत बाद हो रही है.

## स्कॉर्पियों ने स्कूटी को मारी टक्कर, दंपति और दो बच्चों को 100 मीटर घसीटा, चारों की मौत

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्कॉर्पियो चालक ने पहले एक स्कूटी को टक्कर मारी और फिर उसमें सवार दंपति और 2 बच्चों को 100 मीटर तक घसीटा। हादसे में चारों की मौत हो गई। हादसा मंगलवार देर रात 2:00 बजे अलीगंज गुलाचीन मंदिर के पास हुआ। स्कूटी के नंबर और ड्राइविंग लाइसेंस की मदद से मृतकों की पहचान राम सिंह, पत्नी ज्ञान देवी और उनके 14 और 10 साल के 2 बेटों के रूप में हुई है।



रिपोर्ट्स के मुताबिक, सडक़ दुर्घटना में जान गंवाने वाला परिवार सीतापुर से लखनऊ आ रहा था। स्कॉर्पियो चालक को पुलिस ने हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो टेढ़ी पुलिया से आ रही थी और इस दौरान उसने स्कूटी में टक्कर मारी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, स्कूटी समेत पूरा परिवार स्कॉर्पियो के नीचे फंस गया था, लेकिन चालक ने कार नहीं रोकी। हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख प्रकट करते हुए संवेदना व्यक्त की।

## ट्रक से क्रूजर की हुई टक्कर, 5 युवकों की मौत, महिला गंभीर

**हांसी (आरएनएस)।** हांसी में दिल्ली रोड पर ट्रक और क्रूजर गाड़ी की टक्कर होने से बड़ा सडक़ हादसा हुआ है। हादसे में 5 लोगो की मौत हो गई और एक महिला गंभीर रूप से घायल है। घायल महिला को गंभीर हालत में हांसी के नागरिक अस्पताल में लाया गया।



मृतकों में तीन लोगों की पहचान संदीप, प्रवीण और प्रदीप के रूप में हुई है जोकि पास के खरकड़ा गांव के रहने वाले हैं। डॉक्टरों ने महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हिसार रेफर कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्रूजर गांव खरकड़ा से चली थी और वहां से सवारियों के तौर पर बाकी लोग क्रूजर में बैठ गए जैसे ही क्रूजर गाड़ी नेशनल हाईवे पर गांव अलीपुरा के पास पहुंची तो हाईवे पर खड़े एक ट्रक से क्रूजर गाड़ी की टक्कर हो गई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी में सवार क्रूजर गाड़ी का चालक खरकड़ा निवासी 29 वर्षीय प्रवीन, 33 वर्षिय सोनू जो की हंसी में एक निजी बस पर कंडक्टर की नौकरी करता था। खरकड़ा निवासी 27 वर्षीय प्रवीन जोकि एक निजी स्कूल में टीचर था। भाटोल रांगड़ान निवासी 30 अनूप सांगवान जोकि हिसार फ्लिपकार्ट कंपनी में जॉब करता था और 32 वर्षीय प्रकाश नेपाली जोकि भटोल जाटान गांव के ऋषिकुल स्कूल में स्कूल बस पर ड्राइवर की नौकरी करता था और परिवार सहित स्कूल में ही रहता था। वही क्रूजर में एक महिला भी थी जिसकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है और वह उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए हांसी के नागरिक अस्पताल में लाया गया है जहां पर उनका पोस्टमार्टम किया जाएगा।

## ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल ने वायु सेना की सटीक मारक क्षमता बढ़ाई: एयर चीफ

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने माना कि ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल ने भारतीय वायु सेना की मारक क्षमता बढ़ा कर किसी भी संघर्ष में देश की रक्षा करने के लिए मजबूत किया है। वायु सेना प्रमुख ने सुखोई एसयू-30 लड़ाकू विमानों को ब्रह्मोस मिसाइल से लैस किये जाने की सराहना करते हुए कहा कि अगली पीढ़ी की ब्रह्मोस मिसाइलों के छोटे संस्करण अन्य लड़ाकू विमानों में लगाने के लिए विकसित किए जा रहे हैं।

एयर चीफ मार्शल चौधरी बुधवार को नई दिल्ली में ब्रह्मोस यूजर मीट 2023 के रजत जयंती समारोह के दौरान संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हमारे पास भारतीय वायु सेना की लगभग सभी स्क्वाड्रन में ब्रह्मोस से लैस विमान हैं। तीन साल पहले उत्तरी सीमा पर चीन के साथ गतिरोध होने पर हमने महसूस किया कि भूमि हमलों के लिए शक्तिशाली हथियार ब्रह्मोस का बहुत प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता है। भविष्य में अगली पीढ़ी की ब्रह्मोस मिसाइलों के छोटे संस्करण विकसित किए जा रहे हैं, जिन्हें मिग-29, मिराज-2000 और एलसीए जैसे छोटे प्लेटफार्मों पर लगाया जा सकता है।

आईएएफ प्रमुख ने कहा कि ब्रह्मोस और सुखोई-30 का गठजोड़ वायु सेना को शक्तिशाली बनाता है। लड़ाकू विमान सुखोई-30 पर ब्रह्मोस के संयोजन ने वास्तव में हमें जबरदस्त क्षमता दी है, जिससे हमारी मारक क्षमता बढ़ी है। हमारी सबसे घातक वायु-लड़ाकू संपत्ति में से एक के रूप में ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल ने वास्तव में उस तरीके को प्रेरित किया है, जिससे हम आने वाले वर्षों में खुद को सटीक मारक क्षमता से लैस करेंगे। दुनिया भर में हो रहे संघर्षों को देखते हुए सटीकता और लंबी दूरी की मारक क्षमता के महत्व को रेखांकित नहीं किया जा सकता है।

एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल और सुखोई-30 के एयर लॉन्च संस्करण का संयोजन आने वाले वर्षों में भारतीय वायुसेना की मारक क्षमता का केंद्र होगा। हमें इसे (ब्रह्मोस) एक रणनीतिक हथियार के रूप में देखने की आवश्यकता है। हम हमेशा आकस्मिकताओं के लिए तैयारी कर रहे हैं। एयर चीफ मार्शल ने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल ने भारतीय वायु सेना के प्रतिरोध मूल्य को कई गुना बढ़ा दिया है। उन्होंने अधिक घातकता के साथ कम खर्चीले लंबी दूरी के हथियार विकसित करने में सक्षम होने के लिए ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया।

## नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल चार दिवसीय दौरे के लिए भारत पहुंचे

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पीएम नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। हवाईअड्डे पर राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने उनका स्वागत किया।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, यह यात्रा भारत-नेपाल के घनिष्ठ और अनूठे संबंधों को नई गति प्रदान करेगी। काठमांडू में विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पीएम दहल के साथ उनकी बेटी गंगा दहल और विदेश मंत्री प्रकाश शरण महत का आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल भी आ रहा है, जिसमें वित्त मंत्री शक्ति बासनेत, ऊर्जा मंत्री प्रकाश ज्वाला, भौतिक अवसंरचना और परिवहन मंत्री रमेश रिजाल, मुख्य सचिव, अन्य सचिव और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल हैं।

प्रधानमंत्री दहल को त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के वीवीआईपी लाउंज में प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष देव राज घिमिरे, नेशनल असेंबली के अध्यक्ष गणेश तिमिलसीना, उप प्रधानमंत्री, मंत्रियों और शीर्ष अधिकारियों ने विदा किया।

प्रधानमंत्री का 3 जून को काठमांडू लौटने का कार्यक्रम है। पिछले साल दिसंबर में पद संभालने के बाद प्रचंड (पीएम दहल) का यह पहला अधिकारी है।

विदेश मंत्री सऊद के अनुसार, पीएम दहल और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच बिजली व्यापार सहित द्विपक्षीय हितों और चिंताओं के सभी पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। इसी तरह नेपाल के ऊर्जा और पनबिजली क्षेत्र, व्यापार और परिवहन एवं वायुमार्ग में भारतीय निवेश को बढ़ावा देने पर भी चर्चा होगी।

नेपाल ने भारत के साथ दीर्घकालिक ऊर्जा व्यापार के मुद्दे को भी प्राथमिकता दी है। इसी तरह, नेपाल भारत से बांग्लादेश में बिजली व्यापार का मार्ग प्रशस्त करने का आग्रह करता रहा है। बांग्लादेश पहले ही नेपाल के साथ 50 मेगावाट बिजली तत्काल लेने पर सहमत हो चुका है।

## मकराना मार्बल से बनेगी राम मंदिर की फर्श : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 10 सदस्यीय समिति का होगा गठन

### श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक सम्पन्न

**अयोध्या (आरएनएस)।** श्री राम जन्मभूमि पर बने रहे रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण में तेजी आ गई है। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय ने कहा कि मंदिर निर्माण में सभी कार्यों को प्रारंभ कर दिया गया है और सब में अच्छी प्रगति है। मंदिर के भूतल में फर्श पर लगने वाला मकराना का फ्लोर बनना प्रारंभ होने जा रहा है। इसके साथ ही लगाए गए खंभों में भी कुछ मूर्तियों का निर्माण किया जाना है। वह कार्य भी प्रयोग के तौर पर प्रारंभ कर दिया गया है। वहीं श्रीराम जन्मभूमि में निमार्णाधीन राममंदिर में धार्मिक चित्रांकन किया जाना है। इसके लिए इंजीनियरों ने आइकोनोग्राफी तकनीक अपनाने का सुझाव दिया है। आइकोनोग्राफी (प्रतिमा विज्ञान) तकनीक से पत्थरों पर मूर्तियां उकेरने का ट्रायल भी मूर्तिकारों ने शुरू कर दिया गया है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि आइकोनोग्राफी को हिंदी में प्रतिमा विज्ञान कहा जाता है। इस तकनीक से मूर्तियों को मनचाहा आकार देने में आसानी होती है। बताया कि पहले मूर्तिकार ड्राइंग बनाएंगें। फिर मिट्टी व फाइबर पर मूर्ति बनेगी। फाइनल स्वरूप तय होने पर मूर्ति बनाने के लिए राजस्थान भेजा जाएगा, वहां से मूर्ति बनकर आएगी। श्री राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के साथ गर्भगृह में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी भी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने शुरू कर दी है। इसको लेकर बुधवार को ट्रस्ट की बैठक में बड़ा निर्णय लिया गया है। प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में देश के प्रधानमंत्री के शामिल होने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट निवेदन पत्र भेजेगा। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के आश्रम मणिराम दास छावनी में हुई, जिसमें 11 ट्रस्टी मौजूद रहे। ट्रस्ट के प्रमुख वरिष्ठ अधिवक्ता वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। मंदिर निर्माण संबंधित जानकारी दी गई। बैठक के बाद ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया अभी प्राण प्रतिष्ठा की तिथि निर्धारित ना होने के कारण पत्र में प्रधानमंत्री से निवेदन के साथ आग्रह किया जाएगा। वर्ष के दिसंबर और अगले वर्ष के जनवरी माह में जो भी तिथि अनुकूल होगी ट्रस्ट आपको अवगत कराएगा और इसी के साथ ट्रस्ट निवेदन करेगा कि आप प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में अवश्य शामिल हों, उन्होंने बताया कि निवेदन पत्र का मसौदा गोविंद गिरी जी महाराज तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव सात दिवसीय होगा और प्राण प्रतिष्ठा पूजन की तिथि निर्धारित करने के लिए 7 ज्योतिषाचार्यों से विचार मांगे जा रहे हैं। ट्रस्ट के सदस्य और पेजावर मठ के महंत विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य ने जानकारी दी की अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के लिए 10 सदस्यीय एक समिति का गठन किया जाएगा, जो प्राण प्रतिष्ठा से संबंधित संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन करेगा। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट ने आग्रह किया है कि प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के समय अयोध्या में भारी भीड़ न एकत्र हो इसलिए देश भर के सभी धर्म स्थलों पर भी उत्सव आयोजित किए जाएं।



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक से पहले ट्रस्टियों ने अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के 85वें जन्मोत्सव पर अंगवस्त्र व राम मंदिर का चित्र भेंट कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी, युगपुरुष परमानन्द जी महाराज, पेजावर मठ के महंत स्वामी विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य, प्रयागराज के जगद्गुरुस्वामी वासुदेवानंद सरस्वती, निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय सदस्य डॉ अनिल मिश्रा, विमलेंद्र मोहन मिश्र, कामेश्वर चौपाल इसके साथ ही मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन पूर्व आईपीएस नृपेंद्र मिश्र और विश्व हिंदू परिषद की संरक्षक मंडल के सदस्य दिनेश कुमार ट्रस्ट के सहयोगी गोपाल जी व शरद शर्मा भी मौजूद रहे।